





# बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल अनिश्चितकाल के लिए बंद

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 19 जनवरी. बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल करीब ढ़ाई महीने से बंद है। जिसके कारण लोग परेशान है। हितग्राही सत्यापन के लिए रोजाना नगरपालिका के चक्कर काट रहे है, लेकिन पोर्टल बंद होने से बीपीएल का सत्यापन नहीं हो पा रहा है।**

**नागरिक लगा रहे नगरपालिका के चक्कर**

**पोर्टल कब शुरू होगा अधिकारी नहीं दे पा रहे जवाब**

हालांकि पोर्टल कब तक शुरू होगा, इस संबंध में अधिकारी भी स्पष्ट नहीं बता पा रहे है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रदेश में बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल बंद है। कब तक शुरू होगा, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बता दे कि राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने के लिए सबसे जरुरी बीपीएल का सत्यापन होता है। सत्यापन के बाद ही फूड कूपन मिलता है और राशन शुरू होता है। लेकिन बीपीएल सत्यापन का कार्य ही अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। इससे हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। सत्यापन के अभाव में उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। बता दे कि इस साल शासन द्वारा ई-केवायसी कराई गई थी, ताकि पात्र लोग ही निःशुल्क राशन ले सके। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा भी ऐसे लोगों की सूची राज्य शासन को भिजवाई गई थी, जिनका टर्न ओवर काफी ज्यादा है, लेकिन उनका नाम बीपीएल सूची में शामिल हैं और वे राशन भी ले रहे हैं। बताया जाता है कि इन दोनों ही आधार पर केवल बैतूल शहर के ही करीब



4900 लोगों के राशन कार्ड निरस्त हुए हैं।

**जिले में 3 लाख से अधिक परिवारों को मिलता है राशन :** जिले में 3 लाख से अधिक परिवारों को प्रतिमाह राशन मिलता है। इन परिवारों में 29 श्रेणी के अंतर्गत आने वाले लोग शामिल है। जिसमें बीपीएल कार्डधारी भी है। लेकिन अब बीपीएल का सत्यापन नहीं होने से न तो कटे हुए नाम जुड़ पा रहे है और न ही नये नाम जुड रहे है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ रही है, जिनके नाम किसी कारण से राशन की पात्रता सूची से हट गये है, लेकिन वे पात्रता रखते है। ऐसे लोग अपना नाम जुडवाने के लिए परेशान हो रहे है। नपा के अविनाश भाटिया ने बताया कि रोजाना 10 से 12 लोग बीपीएल के सत्यापन के लिए नगरपालिका आते है, लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण सत्यापन नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण लोगों की राशन पर्ची नहीं बन पा रही है। बताया जा रहा है कि सत्यापन कराने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में नागरिक नपा के चक्कर लगा रहे है।

> शासन से ही बीपीएल के सत्यापन का पोर्टल बंद है। जिसके कारण सत्यापन नहीं हो पा रहा है। पोर्टल कब शुरू होगा, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। करीब 200 से 300 आवेदन सत्यापन के लिए पेडिंग पड़े हुए है।
>
> **- अविनाश भाटिया, नगरपालिका बैतूल**

### सत्यापन के लिए नपा आते हैं आवेदन

ई-केवायसी नहीं होने और अन्य कारणों से नाम कटने के कारण 4900 लोगों के राशन कार्ड निरस्त हो गये। इन्हें शासन से जो राशन मिलता था, वह भी बंद हो गया। जिससे ऐसे लोगों में हड?प मचा हुआ है। ऐसे लोग दोबारा नाम जुड़वाने और राशन शुरू करवाने के लिए आवेदन देने लगे। खाद्य विभाग और एसडीएम ऑफिस में आवेदन दिए जाने पर वहां से बीपीएल सत्यापन के लिए नगर पालिका भिजवाया जाता है। इधर नगरपालिका से करीब 500 लोगों के सत्यापन किए गए, लेकिन इसके बाद 28 अक्टूबर से बीपीएल का सत्यापन का कार्य बंद कर हो गया है। नगरपालिका में इस संबंध में सूचना चस्पा कर दी गई है कि पोर्टल बंद होने से का कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है।

### सत्यापन के लिए 200 से 300 आवेदन पेंडिंग

पोर्टल बंद होने से अब सत्यापन के लिए जहां नए आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। वहीं पूर्व में लिए जा चुके करीब 200 से 300 आवेदन भी पेंडिंग में पड़े हैं। सत्यापन का यह कार्य कब से शुरू होगा, इसे लेकर अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। सत्यापन का पोर्टल केवल बैतूल में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में ही बंद पड़ा है। सत्यापन का कार्य बंद होने के कारण बैतूल शहर ही नहीं पूरे जिले में हजारों लोग खासे परेशान हो रहे हैं। जिन लोगों के नाम विभिन्न कारणों से कट चुके हैं, उनका सत्यापन होकर दोबारा नाम नहीं जुड़ पा रहा है। इससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा नए सदस्यों के नाम भी नहीं जुड़ पा रहे हैं। कई गरीब परिवार भी इस कारण से खासे परेशान हो रहे हैं।

## भौंरा में तेंदुए का किया रेस्क्यू, तीन माह की दहशत का हुआ अंत

**भौंरा।** भौंरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते तीन माह सेदहशत का कारण बने तेंदुए को सोमवार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की विशेष टीम ने हाथियों की मदद से पहाड़ी क्षेत्र में ऑपरेशन चलाते हुए तेंदुए को ट्रैंकुलाइज गन से इंजेक्शन देकर सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। रेस्क्यू के साथ ही क्षेत्र में लंबे समय से व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया है। सहायक संचालक विनोद वर्मा ने बताया कि रेस्क्यू किया गया तेंदुआ अभी किशोर अवस्था का है। उन्होंने बताया यह तेंदुआ कुछ समय पहले पिपरिया क्षेत्र में



पकड़ा गया था। उसे बाद में रिजर्व क्षेत्र में छोड़ा गया, लेकिन कम उम्र होने के कारण वह वहां खुद को अनुकूल नहीं कर सका और आबादी वाले इलाकों की ओर निकल आया। भौंरा, धपाड़ा सहित आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों में यह करीब तीन माह से विचरण कर रहा था। विनोद वर्मा ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए कई बार पिंजरे लगाए गए, लेकिन उसकी चतुराई के चलते वह उनमें नहीं फंसा।अंततः सोमवार को हाथियों पर सवार होकर टीम ने तेंदुए को पहाड़ी क्षेत्र से नीचे की ओर खदेड़ा। सुरक्षित दूरी बनने पर ट्रैंकुलाइज गन से इंजेक्शन देकर उसे बेहोश किया गया और रेस्क्यू किया गया। वन अधिकारियों के अनुसार, इस तेंदुए को दोबारा रिजर्व फॉरेस्ट में नहीं छोड़ा जाएगा। उसकी उम्र और व्यवहार को देखते हुए उसे वन विहार भेजा जा रहा है, जहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसे रखा जाएगा। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में चिकित्सकों की विशेष टीम, भौंरा वन परिक्षेत्र का पूरा स्टाफ, स्त्रक्र की विशेष रेस्क्यू टीम तथा चार हाथियों का दल शामिल रहा। ऑपरेशन के दौरान मेडिकल स्टाफ लगातार अलर्ट पर रहा ताकि तेंदुए और कर्मियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## युवक पर हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**पाथाखेड़ा।** जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के पालन में सारणी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हुई हिंसक वारदात के चार आरोपियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी सारनी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में की गई। घटना 18 जनवरी 2026 की रात की है, जब फरियादी सजल गुर्जर अपने पिता दीनदयाल गुर्जर के साथ कार से पेट्रोल भराने जा रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को



लेकर आरोपियों ने रास्ते में कार रोककर फरियादी एवं उसके पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में फरियादी को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सारणी में अपराध क्रमांक 18/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 19 जनवरी को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। आरोपियों के कब्जे से लोहे की रॉड भी जप्त की गई।

### एक नजर में

### एबीवीपी ने संदेश यात्रा निकाली, हुए कार्यक्रम

**मुलताई।** नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई मुलताई द्वारा सोमवार को स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा निकालकर बस स्टैंड पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष मृत्युंजय पटेल, जिला संयोजक दीपेंद्र पठाडे, नगर मंत्री प्रणव पवार, शुभम खवाड़े सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा की शोभायात्रा संघ कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड मुलताई पर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ भारत माता की जय एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिंदाबाद जैसे नारों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। शोभायात्रा के पश्चात बस स्टैंड मुलताई में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद जी के विचारों, उनके जीवन दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण एवं सामाजिक दायित्वों की भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया।आयोजकों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं और ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-शक्ति को सही दिशा मिलती है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अंत में नगर अध्यक्ष मृत्युंजय पटेल ने सभी आगंतुकों, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### राकेश सोनी ने मठारदेव मेले में कराया भंडारा

**पाथाखेड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला मंत्री राकेश सोनी ने अपना जन्म दिवस सामाजिक सरोकार और सेवा भावना के साथ मनाकर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। बाबा मठारदेव मेले के पावन अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम बाबा मठारदेव के दर्शन कर माला अर्पित की, हनुमान चालीसा का पाठ किया और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## संकल्प से समाधान अभियान के लिए लगाया शिविर

**सारनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभआम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है निकाय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर इस हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 15 फरवरी तक लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 10 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के 14 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में प्रभारी जीएस पांडे, संतोष सोनारिया, रंजीत डोंगरे, मनोज परते समेत अन्य लोग उपस्थित हो थे। इसी क्रम में मंगलवार 20 को वार्ड 11 को क्षेत्रीय आंगनबाड़ी में शिविर रखा गया है। 21 को वार्ड 12. 22 को वार्ड 13 एवं 23 के लिए वार्ड 23 की आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर होगा। इसी तरह 23 जनवरी को वार्ड 14 एवं 15 के लिए गायत्री मंदिर आंगनबाड़ी में शिविर रखा गया है।

## उद्यमियों के लिए असीमित संभावनाओं से भरपूर है बैतूल : बीए पांडे

**बैतूल। यदि आप अपना स्वयं का उद्योग या व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कई प्रकार की जानकारियों की आवश्यकता होती है।**

**सात दिनों तक चलेगा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**एक जगह मिलेगी उद्यम शुरू करने की जानकारी**

इन जानकारियों को प्राप्त करने के लिए आपको कई विभागों से संपर्क करना पड़ता है। उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण



कार्यक्रम से आपको यह सभी जानकारियां एक ही समय पर एक ही स्थान पर मिल रही हैं, इससे आपके समय और श्रम की बचत हो रही है। बैतूल जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष बीए पांडे ने उक्ताशय के विचार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के ईएसडीपी कार्यक्रम के तहत बैतूल जिले में आयोजित पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। श्री पांडे ने कहा कि स्वरोजगार का क्षेत्र असीमित संभावनाओं से भरा पड़ा है, जबकि नौकरी या रोजगार में आपके पास तरक्की के अवसर तो होते हैं पर उनकी एक सीमा होती है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपने करिअर निर्माण पर विचार करते वक्त इस क्षेत्र पर भी अवश्य गौर करें। उन्होंने कहा कि जहां तक खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र की बात है तो बैतूल में इसके लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं और जो युवा इस क्षेत्र में आगे आना चाहते हैं उनके मार्गदर्शन के लिए मैं हमेशा तैयार हूं। सात दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शौर्य एजुकेशन इंस्टीट्यूट, इटारसी रोड, सदर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 30 से अधिक उद्यमी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### कॅरियर निर्माण का यह सही वक्त : प्रवीण कोशी

इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की सहायक प्रबंधक प्रवीण कौसी ने कहा कि उम्र के जिस मोड़ पर आप खड़े हैं, करिअर निर्माण की दृष्टि से यह सर्वाधिक उपयुक्त समय है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कच्चा माल, सुविधा और अधोसंरचना की बैतूल जिले में कोई कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि युवा आगे आएं और प्रोडक्ट्स का वैल्यू एडीशन कर अपने भविष्य के निर्माण के साथ ही अपने शहर, प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दें।

## भारतमाता की झांकी के साथ हुआ हिन्दू सम्मेलन

**मुलताई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को ग्राम महतपुर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं समस्त हिन्दू समाज की अभूतपूर्व सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ, जिसमें बडी संख्या में मातृशक्तियों ने सहभागिता की।जिसमे भारत माता की भव्य झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं,जिससे वातावरण को राष्ट्रभक्ति एवं सनातन चेतना से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ हेमन्त देशमुख ने संघ की



100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, राष्ट्रभक्ति तथा हिन्दू समाज के कर्तव्यों पर ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए और समाज को संगठित होकर संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षा का संदेश दिया। वहीं दुर्गा वागद्रे ने कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार एवं स्वदेशी जैसे विषयों पर प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने पंच परिवर्तन का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की महाआरती एवं विशाल समरसता सहभोज के साथ हुआ।

## सुखदेव पांसे के प्रयासों से बनेगा मुलताई में महिला अधिवक्ता कक्ष

**मुलताई।** नगर के न्यायालय परिसर में पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के प्रयासों एवं राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा की सांसद निधि से करीब 15 लाख रुपए में महिला अधिवक्ता कक्ष का निर्माण किया किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों वसंत इंटरनेशंनल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर अतिथि सम्मिलित हुए प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा मुलताई आए थे। पूर्व केबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के निवास स्थान पर अधिवक्ता संघ द्वारा विवेक तन्खा से मुलाकात की गई थी इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री पांसे द्वारा मुलताई नगर के



अभिभाषक संघ हेतु मुलताई में महिला अधिवक्ता कक्ष एवं शौचालय निर्माण हेतु 15 लाख रूपये की मांग की गई थी जिस पर श्री तन्खा द्वारा तुरंत इसकी स्वीकृति प्रदान की गई तथा कहा गया कि वह इससे भी अधिक राशि देगे तथा अधिवक्ता कक्ष का नाम इस नगर के वरिष्ठ समाज सेवी तथा न्यायमूर्ति रहे धर्माधिकारी परिवार के नाम से रखा जाए।उसी वादे को पूरा करते हुए श्री तन्खा ने कलेक्टर बैतूल को कार्य स्वीकृति के लिए पत्र लिखा गया है। जिसे श्री पांसे ने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल को सौंपा है। इस अवसर पर बार संघ के अध्यक्ष चंद्र शेखर चंदेल, पूर्व बार संघ अध्यक्ष गिरधर यादव, जीजी घो?, धनराज धोटे, शंकरराव बंजारे, प्रमोद कोसे, पंकज यादव, करण साहू, भूषण चौधरी, प्रवीण माने, प्रमोद पवार, भीमराव उपराले, रूपलाल पाठेकर, सुनिल बिहारिया, श्रवणकुमार गुजरे, दीपक उकण्डे, राजू साहू, डी.एस. बेले इत्यादि अधिवक्ता गण एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कमल सोनी, अरूण यादव, शिवकुमार माहोरे, प्रहलाद सिंह परमार, पिंटू ठाकरे, लोकेश यादव उपस्थित थे।

**जागरण** | **पार्श्व गायिका मयूरी साहा ने बांधा समा**

## छाप तिलक सब छीनी रे और मेरा पिया घर आया पर खूब झूमे दर्शक

**सारनी। श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत रविवार रात इंडियल आइडल फेम कोलकाता की पार्श्व गायिका मयूरी साहा ने अपने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी।**

**मठारदेव मेले में प्रतिदिन हो रहे धार्मिक कार्यक्रम**

**आज रागिनी शिंदे देंगी गीतों की प्रस्तुतियां**

रंगारंग लाइटिंग, डिजीटल साउंड इफैक्ट्स के बीच कार्यक्रम देर रात तक चला। मयूरी ने क्लासिकल से वेस्टर्न संगीत



आधारित एक से बढ़कर एक फिल्मी गीत सुनाकर लोगों को खूब झुमाया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 12 से 22 जनवरी तक बाबा मठारदेव मेले का आयोजन किया जाता है। इसके तहत मेले में आनंद उत्सव 2026 के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रविवार 18 जनवरी रात 8.30 बजे से कोलकाता की पार्श्व गायिका इंडियन आइडल फेम मयूरी ने मंच संभाला। कार्यक्रम के दौरान आमला सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके,भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगणों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने मंच पर मयूरी साहा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके बाद रात 10.45 तक प्रस्तुति चलती रही। हजारों की संख्या में लोगों ने प्रांगण पहुंचकर इसका आनंद उठाया।

**लग जा गले कि ये हसीं रात हो ना हो और पिया:** मयूरी साहा ने सत्यम शिवम् सुंदरम से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद हम तुम कितने पास हैं कितने दूर लग जा गले, ओ सजना बरखा बहार, जिया जले जा जले नैनों तले, सांवरे-सांवरे, दो लब्जो की है, न ना रे नाना रे, पिया बावरे दीवानी में तेरी दीवानी... ढोल बाजे, जैसे एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। इसके बाद उन्होंने लोगों की फरमाईश पर ये मेरा दिल यार का दीवाना, दम मारो दम और मेरा पिया घर आया ओ राम जीजैसे गीत सुनाकर लोगों को खूब डांस कराया। मयूरी के दिल दीवाना बिन सजना के माने ना को लोगों ने खूब सराहा।

### आज रागिनी शिंदे के गीतों की होगी रंगारंग प्रस्तुति

मेला अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि इंडियन आइडल फेम रागिनी शिंदे की हिंदी गीतों की सरगम कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 20 जनवरी को शाम 7 बजे से मेला प्रांगण में होगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे से दी जाएगी।

## बाइक से कट लगने के विवाद में युवक की हत्या

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम रगड़गांव में बीते 14 जनवरी को एक किसान के कुए में मासोद निवासी युवक का शव मिला था। इस मामले मे पुलिस द्वारा जांच के बाद हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल से कट लगने के मामूली विवाद में गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया बीते 14 जनवरी 2026 को मासोद पुलिस चौकी में सूचना मिली थी कि ग्राम रगड़गांव चारसी रोड स्थित महंगू कुमरे के खेत के पास बने कुएं में एक युवक का शव पड़ा है। सूचना पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रणधीर सिंह राजपूत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कुए से शव निकालकर पंचनामा बनाया गया। शव की पहचान मासोद निवासी 20 वर्षीय राज



ठाकुर पिता स्व. राजू ठाकुर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की गई तो मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी को राज ठाकुर अपने ममेरे भाई डेविड राजपूत के साथ बाइक से रगड़गांव गया था। शाम करीब 5 बजे वह चारसी रोड पर यह कहकर अलग हो गया कि देर से लौटेगा, लेकिन वापस नहीं आया। रात में उसका मोबाइल बंद मिलने पर तलाश शुरू की गई, पर कोई सुराग नहीं मिला।पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीओपी मुलताई और एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण किया। कुएं का पानी निकलवाने पर शव औंधे मुंह मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से श्वास अवरोध के कारण मृत्यु होना पाया गया।, जिसके बाद हत्या का अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने रगड़गांव निवासी संदेही अमित कुमरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अमित ने स्वीकार किया कि शराब के नशे बाइक से कट लगने को लेकर हुए विवाद में उसने गमछे से राज का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई, घबराकर उसने शव को कुएं में फेंक दिया था।